भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 459
दिनांक 06 **फरवरी**, 2023

राजस्थान में गैस पाइपलाइन परियोजनाओं में देरी

459# **श्री नीरज डांगी**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विशेषकर राजस्थान में प्रस्तावित गैस पाइपलाइन परियोजनाओं की राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्रवार संख्या कितनी है;
(ख) उक्त परियोजनाओं के कब तक शुरू होने की संभावना है और इनके कार्य निष्पादन में विलंब के क्या कारण हैं; और
(ग) गैस पाइपलाइन परियोजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित राजस्थान राज्य के क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) से (ग) विभिन्न क्षेत्रों की गैस की माँग के आंकलन के आधार पर पाइपलाइन अवसंरचना को विस्तारित करना एक सतत प्रक्रिया है। मौजूदा और भावी पाइपलाइनों से देश में मूलभूत राष्ट्रीय गैस ग्रिड बनती है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने राष्ट्रीय गैस ग्रिड बनाने और पूरे देश में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से देश भर में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क की लगभग 33,764 किलोमीटर लंबाई को प्राधिकृत किया है। दिनाँक 30.09.2022 की स्थिति के अनुसार, लगभग 22,306 किलोमीटर पाइपलाइन प्रचालन में है। राजस्थान सहित देश में कार्यान्वित की जा रही गैस पाइपलाइन परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक-I पर दिया गया है।

11ए नगर गैस वितरण (सीजीडी) बोली दौर पूरा होने के बाद, राजस्थान राज्य में सीजीडी नेटवर्क विकसित करने के लिए 17 भौगोलिक क्षेत्र (जीए) प्राधिकृत किए गए हैं। दिनाँक 30.11.2022 की स्थिति के अनुसार, राज्य में स्थापित किए गए संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) कनेक्शनों का विवरण अनुलग्नक-II में दिया गया है।

****

अनुलग्नक-I

राजस्थान में गैस पाइपलाइन परियोजनाओं में देरी के संबंध में दिनांक 06 फरवरी, 2023 को पूछे गए राज्य सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 459 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

निष्पादन के तहत प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों की सूची

क्र.सं	प्राकृतिक गैस पाइपलाइन का नाम	कंपनी	लक्ष्य/ संशोधित लक्ष्य	राज्य, जिनसे होकर पाइपलाइन गुजरती है
1	मल्लावरम-भीलवाड़ा-भोपाल - विजयपुर	जीआईटीएल	28.02.2023	आंध्र प्रदेश ,तेलंगाना एमएच,एमपी, राजस्थान गुजरात
2	भटिंडा -गुरदासपुर	जीआईजीएल	28.02.2022 कंपनी ने दिसंबर, 2023तक विस्तार के लिए अनुरोध किया है	पंजाब और जम्मू और कश्मीर, संघ शासित प्रदेश
3	काकीनाडा -श्रीकाकुलम	एपीजीडीसी	30.06.2024	आंध्र प्रदेश
4	काकीनाडा-विजयवाड़ा-नेल्लोर	आईएमसी	31.03.2024	आंध्र प्रदेश
5	कनई छाता -श्रीरामपुर	एचपीपीएल	31.05.2023	पश्चिम बंगाल
6	चौंसा - झज्जर -हिसार	गेल	31.12.2022 कंपनी ने मार्च, 2023तक विस्तार के लिए अनुरोध किया है।	हरियाणा ,राजस्थान
7	दादरी -बवाना -नांगल	गेल	31.12.2022 कंपनी ने मार्च, 2023तक विस्तार के लिए अनुरोध किया है।	पंजाब ,हरियाणा ,उत्तर प्रदेश ,उत्तराखंड , दिल्ली
8	कोच्चि -कुट्टनाड -बेंगलुरु - मंगलुरु	गेल	30.09.2022 कंपनी ने फरवरी ,2025 तक विस्तार के लिए अनुरोध किया है	केरल ,तमिलनाडु ,कर्नाटक , पुदुच्चेरी, संघ शासित प्रदेश
9	मेहसाणा -भटिंडा	जीआईजीएल	30.06.2021 कंपनी ने मार्च, 2024तक विस्तार के लिए अनुरोध किया है।	गुजरात ,राजस्थान ,हरियाणा ,पंजाब
10	एन्नोर -तूतीकोरिन	आईओसीएल	ि ची से नागपट्टिनम -अगस्त 2023 आसनूर से कराईकल -नवंबर 2023	तमिलनाडु ,कर्नाटक , पुदुच्चेरी, संघ शासित प्रदेश ,आंध्र प्रदेश
1 1	जगदीशपुर-हल्दिया-बोकारो-धामरा ,बरौनी-गुवाहाटी , धामरा -हल्दिया	गेल	30.06.2023	उत्तर प्रदेश ,बिहार ,झारखंड ,पश्चिम बंगाल ,ओडिशा ,असम
12	श्रीकाकुलम -अंगुल	गेल	31.07.2023	आंध्र प्रदेश ,उड़ीसा
13	मुंबई -नागपुर -झारसुगुड़ा	गेल	14.05.2023	महाराष्ट्र ,मध्य प्रदेश ,छत्तीसगढ़ और ओडिशा
14	उत्तर पूर्व गैस ग्रिड	आईजीजीएल	15.11.2023	असम ,मिजोरम ,म णपुर ,अरुणाचल प्रदेश ,ि पुरा ,नगालैंड ,मेघालय और सिक्किम
15	दाभोल -बैंगलोर	गेल	•मुख्य ट्रंक लाइन पूरी कर ली गई है	महाराष्ट्र ,कर्नाटक ,गोवा

राजस्थान में गैस पाइपलाइन परियोजनाओं में देरी के संबंध में दिनांक 06 **फरवरी** 2023 **,को पूछे गए राज्यसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या** 459 **के भाग** (**क**) **से** (**ग**) **के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

राजस्थान राज्य में स्थापित संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों और पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शनों का विवरण

क्र.सं	भौगोलिक क्षेत्र/ सीजीडी नेटवर्क्स	पीएनजी कनेक्शन			सीएनजी स्टेशन
		घरेलू	व्यावसायिक	औ योगिक	
1.	झाबुआ ,बांसवाड़ा ,रतलाम और डूंगरपुर के जिले (म य प्रदेश और राजस्थान)	152	0	0	24
2.	आगर मालवा, नीमच ,मंदसौर और झालावाड़ के जिले (म य प्रदेश और राजस्थान)	0	0	0	0
3.	फाजिल्का (पहले से अधिकृत क्षेत्र के अलावा), गंगानगर और हनुमानगढ़ के जिले (पंजाब और राजस्थान)	0	0	0	0
4.	कोटा	19527	26	17	9
5.	बाड़मेर जैसलमेर और जोधपुर ,के जिले	15177	26	35	20
6.	अलवर (भिवाड़ी के अलावा) और जयपुर के जिले	7	0	5	33
7.	कोटा जिला (ईएएए) , बारां और चित्तौड़गढ़ (केवल रावतभाटा तालुक) के जिले	334	1	0	14
8.	भीलवाड़ा और बूंदी के जिले	399	3	2	14
9.	छितौड़गढ़ (रावतभाटा तालुक के अलावा) और उदयपुर के जिले	0	0	0	30
10.	धौलपुर जिला	128	0	0	6
11.	अजमेर, पाली और राजसमंद के जिले	132346	1	0	46
12.	जालौर और सिरोही के जिले	537	2	0	20
13.	बीकानेर और चूरू के जिले	0	0	0	0
14.	झुंझुनू, सीकर और नागौर के जिले	0	0	0	0
15.	दौसा, करौली, सवाई माधोपुर और टोंक के जिले	0	0	0	0
16.	भिवाड़ी (अलवर जिले में)	4922	2	160	3
17.	फिरोजाबाद (ताज ट्रेपेज़ियम ज़ोन) (उत्तर प्रदेश और राजस्थान)	18958	36	340	38

****